नवभारत



हादसा

स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पहुंचाया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

# बस-ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत, कई घायल





**शहपुरा नवभारत 10 जुलाई।** जिले के मालपुर क्षेत्र में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर दिया। मालपुर मोड़ पर तेज रफ्तार यात्री बस और ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तत्काल शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे में दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, दुर्घटना में मालपुर निवासी बजरंग मरावी का पैर टूट गया है, जबकि कलगी टोला निवासी गिरवर सिंह के पैर में गंभीर चोट आई है। ऑटो में सवार अन्य यात्रियों को भी चोटें आई हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

**पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू की**

प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक तौर पर हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। दुर्घटना के चलते कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कराया गया।

## सामुदायिक भवन का स्लैब गिरा, एक मजदूर घायल

**डिंडोरी।** जिले के चटुवा ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का स्लैब ढलाई के दौरान गिर गया। गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे हुई घटना में एक मजदूर मलबे में दबकर घायल हो गया, जबकि दो अन्य मजदूरों ने बल्ली से लटककर अपनी जान बचाई। मजदूर प्रहलाद कोल ने बताया कि घटना के समय करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सेंटिंग में गड़बड़ी या मशीन की खराबी के कारण देखते ही देखते सेंटिंग प्लेट और बल्लियां भरभराकर गिर गईं। वहीं, इंजीनियर फिरोज खान के अनुसार, घटना के तुरंत बाद काम बंद करवा दिया गया और घायल मजदूर को अस्पताल भिजवाया गया, जो प्राथमिक इलाज के बाद ठीक है। ग्रामीण प्रकाश चंदेल ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य वित्त आयोग से लगभग 24 लाख 99 हजार रुपए की लागत से यह सामुदायिक भवन 2025 में बनाया जाना है।



# डीके राइस मिल में लगी आग, धान जलकर खाक

हजारों क्विंटल धान जलने से लाखों के नुकसान की आशंका

**नवभारत उमरिया 10 जुलाई।** जिले के बसकुटा गांव स्थित डीके राइस मिल में गुरुवार को भीषण आग लग गई। इस घटना में मिल परिसर में भंडारित हजारों क्विंटल धान जलकर राख हो गया, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

बारिश के मौसम के बावजूद आग तेजी से फैली और देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से दिखाई दे रहा था। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण और राइस मिल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बताया गया है कि मिल में रखा गया अधिकांश धान किसानों से खरीदा गया था।

**आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका**

किसानों ने कड़ी मेहनत से इस फसल को तैयार किया था। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करेंगे। आग के सही कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल पाएगा।

### एक नजर में

## वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टिव रेडियम टेप

**नवभारत उमरिया 10 जुलाई।** पुलिस ने विशेष यातायात व जागरूकता अभियान के दौरान प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर सघन वाहन चेकिंग की गई। सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों को हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्यवाही की गई। रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु मालवाहक एवं अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टिव रेडियम टेप लगाए गए तथा वाहन चालकों को वाहनों में रेडियम, इंडिकेटर एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**यातायात नियमों का पालन करने की अपील की**-वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा सड़क पर वाहन खड़ा न करने संबंधी समझाइश देकर यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। यातायात पुलिस उमरिया द्वारा नागरिकों से सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

## वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत दावों के निराकरण में तेजी के निर्देश

**मंडला।** कलेक्टर कार्यालय द्वारा वन अधिकार अधिनियम के तहत लंबित दावों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि सभी संबंधित अधिकारी पात्र हितग्राहियों के दावों का समय-सीमा में परीक्षण एवं निराकरण सुनिश्चित करें। इस संबंध में सहायक आयुक्त कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की आवश्यक बैठक आयोजित कर लम्बित दावों के परीक्षण तथा नियमानुसार समुचित अनुशंसा के साथ बैठक में प्रस्तुत करने के संबंध में चर्चा की गई।

# तेंदुपत्ता तोड़ने की मजदूरी व बोनस देने में वन विभाग का क्यों छूटता है पसीना?

**चिल्हारी नवभारत 10 जुलाई।** प्राण संकट में डालकर जंगली जानवरों के बगल से मार्च-अप्रैल में तेंदूपत्ता तोड़कर लाने वाले मजदूरों की मजदूरी और बोनस की राशि का भुगतान वन विभाग द्वारा आज तक नहीं किया गया।

गोदाम में रखे तेंदूपत्ता का अच्छे महंगे दामों में बिक्री होते ही बोनस राशि का निर्धारण हो जाता है अर्थात जिस समिति का पत्ता जितने अच्छे दामों में और जितना जल्द बिक कर उसका व्यापारियों द्वारा वर्ष के अंदर जल्द उठाव करवा लिया जाता है उतने ही अच्छे दर पर उस समिति का बोनस बनने का नियम है, जो श्रमिकों को देने का प्रावधान है।

**बहाने बताकर भुगतान रोका जाता है**-इसके बाद भी विभिन्न बहाने बता कर कई सालों तक उक्त बोनस राशि का वितरण नहीं करना वन विभाग पर कई प्रकार के प्रस्न चिंह खड़ा करता है। सूत्रों की माने तो सरमनियां, गोबराताल, बल्हौंड़, मानपुर के सांथ मानपुर क्षेत्र के कई तेंदूपत्ता समितियों की यह स्थिति कई सालों से चल रही है। सरमनिया समिति के संग्राहकों को सन् 2022, 24 और 25 के बोनस राशि का वितरण आज दिनांक तक नहीं किया गया है।

# प्राकृतिक खेती अपनाने किसानों को किया जागरूक

शासकीय योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**करंजिया, नवभारत 10 जुलाई।** खरीफ सीजन 2026 को ध्यान में रखते हुए ग्राम चुनपथरी में कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए प्राकृतिक खेती एवं शासकीय योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग की अधिकारी शशि मरकाम ने किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के महत्व की जानकारी देते हुए रासायनिक खेती पर निर्भरता कम करने का आह्वान किया।

**जैविक कृषि उत्पाद तैयार करने की बताई विधि**-उन्होंने किसानों को वर्मी कम्पोस्ट, मल्टीविटामिन घोल तथा अग्नि अस्त्र जैसे जैविक कृषि उत्पाद तैयार करने की विधि और फसलों में उनके प्रभावी उपयोग की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, उत्पादन लागत घटती है तथा पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है।

**फसल बीमा योजना की भी दी जानकारी**-कार्यक्रम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की भी जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि खरीफ 2026 की फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। योजना के तहत किसान केवल 2 प्रतिशत प्रीमियम जमा कर अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं।

आबकारी विभाग की कार्रवाई में अवैध शराब के 10 प्रकरण दर्ज

## 54 लीटर कच्ची शराब सहित विदेशी एवं देशी मदिरा जब्त

**डिंडौरी, नवभारत।** जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आबकारी विभाग द्वारा 08 एवं 09 जुलाई 2026 को विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की गई। आबकारी वृत्त डिंडौरी एवं शहपुरा में अवैध शराब के संबंध में प्राप्त शिकायतों के आधार पर विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर 10 प्रकरण दर्ज किए गए।कार्यवाही के दौरान कुल 54 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, 8 पाव देशी प्लेन मदिरा तथा 22 पाव विदेशी मदिरा जब्त की गई। जब्त मदिरा की अनुमानित कीमत 14 हजार 220 रुपये आंकी गई है। आबकारी विभाग द्वारा सुरेश यादव, सत्यम पारासर, सरोजनी वनवासी, अनीता बाई मरावी, ओमप्रकाश यादव, विद्या बाई, रामचरण, प्रकाश वनवासी, सोना बाई तथा साहबराय यादव के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्यवाही कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी पतरस बड़ा के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे एवं आबकारी विभाग के मैदानी अमले द्वारा संपादित की गई।

# कार्य से हटाने पर महिला सफाई कर्मचारी का अनशन

डॉ. अलका झारिया ने जूस पिलाकर कराया अनशन समाप्त



**शहपुरा नवभारत 10 जुलाई।** जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई का कार्य करने वाली महिला कर्मचारी का आमरण अनशन शुक्रवार को प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया। महिला को पुन: कार्य पर रखने के आश्वासन के बाद उसने अपना अनशन खत्म कर दिया।

जानकारी के अनुसार, महिला को कुछ समय पूर्व बिना किसी स्पष्ट कारण के कार्य से हटा दिया गया था। रोजगार छिनने से उसके परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया। महिला ने कई बार संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी, लेकिन समाधान नहीं निकलने पर एसडीएम से अनुमति लेकर 10 जुलाई से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आमरण अनशन शुरू कर दिया।

**ईमानदारी के साथ साफ-सफाई का कार्य कर रही थी**-महिला का कहना था कि वह लंबे समय से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ साफ-सफाई का कार्य कर रही थी, बावजूद इसके बिना कारण उसे काम से हटा दिया गया। इससे परिवार की आजीविका प्रभावित होने के साथ मानसिक और आर्थिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। अनशन की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया।

**डॉ. अलका झारिया ने महिला से चर्चा की**-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया में पदस्थ डॉ. अलका झारिया ने मौके पर पहुंचकर महिला से चर्चा की और उसकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने महिला को भरोसा दिलाया कि उसकी शिकायतों का निराकरण किया जाएगा तथा उसे पुन: कार्य पर रखने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी। डॉ. झारिया ने महिला को जूस पिलाकर उसका आमरण अनशन समाप्त कराया।

# 50 मत्स्य पालकों ने हासिल की नई तकनीकी जानकारी

राज्यस्तरीय राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस कार्यक्रम आयोजित




**डिंडौरी, नवभारत 10 जुलाई।** राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस के अवसर पर 10 जुलाई 2026 को कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के 50 मत्स्य पालकों ने सहभागिता कर मत्स्य पालन की नवीन तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में मत्स्य पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मत्स्य पालकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मत्स्य पालन को लाभकारी एवं आधुनिक बनाने विशेषज्ञों द्वारा नवीन तकनीकों की जानकारी दी गई तथा मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान दिया।

**सांसद ने पुरस्कार वितरित किए**-कार्यक्रम में सांसद जबलपुर दुबे के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक मत्स्योद्योग एलएस श्याम, मत्स्य निरीक्षक बी.के. सिरसाम, सहायक मत्स्य अधिकारी विशाल शरणागत सहित जिले की विभिन्न मत्स्य सहकारी समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मत्स्य पालकों को आधुनिक मत्स्य पालन पद्धतियों की जानकारी प्रदान की गई। इनमें मत्स्य सहकारी समिति चौरा के अध्यक्ष बघत लाल बर्मन, देवरी कला के अध्यक्ष छिद्दी लाल बर्मन, घानामार के अध्यक्ष चंद्रकांत नंदेहा, सहारा मत्स्य सहकारी समिति मर्या लाखो के अध्यक्ष कोमल सिंह तथा शिवालय मत्स्य सहकारी समिति मर्या टिकरिया के अध्यक्ष दयाराम बरमैया सहित अन्य सदस्य एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 8 दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों की सेवा समाप्त

कार्य में लापरवाही पर नगर परिषद की बड़ी कार्रवाई, नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं दिया

**डिण्डौरी, नवभारत 10 जुलाई।** नगर परिषद डिण्डौरी में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कार्य में लगातार लापरवाही और बिना अनुमति अनुपस्थित रहने पर आठ दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी वेद प्रकाश पुरी गोस्वामी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर परिषद के सभी सफाई कर्मचारियों का जोनवार कार्य विभाजन किया गया था। प्रत्येक कर्मचारी को वार्ड एवं कार्यस्थल निर्धारित कर नियमित रूप से सफाई, कचरा संग्रहण तथा नालियों की सफाई का दायित्व सौंपा गया था।

**स्वच्छता कार्य में लगातार बरत रहे थे लापरवाही**-स्वच्छता प्रभारी एवं सफाई दरोगा द्वारा किए गए निरीक्षण और उपस्थिति प्रतिवेदन के परीक्षण में पाया गया कि कुछ कर्मचारी बिना पूर्व सूचना एवं सक्षम अनुमति के अपने कार्यस्थलों से अनुपस्थित रहे तथा स्वच्छता कार्य में लगातार लापरवाही बरतते रहे। संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर अपना पक्ष रखने का अवसर भी दिया गया, लेकिन संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

**स्वच्छता व्यवस्था है सर्वोच्च प्राथमिकता : गोस्वामी**-मुख्य नगर पालिका अधिकारी वेद प्रकाश पुरी गोस्वामी ने कहा कि नगर परिषद डिण्डौरी में स्वच्छता व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्य के प्रति लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि नगरवासियों को बेहतर एवं सतत स्वच्छता व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके।

**इनकी सेवाएं समाप्त की गई**

इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रकाश डोंगरे, दुर्गेश डोंगरे, रजरानी चौहान, राकेश (पिता ठाकुरदीन), त्रिशाल, सुरेंद्र, रानी चंचोल तथा राजेंद्र विश्वकर्मा की दैनिक वेतनभोगी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गईं।

# नशा परिवार एवं समाज के विकास में है बाधक

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक




**डिंडौरी, नवभारत 10 जुलाई।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में जिले में संचालित नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत करंजिया में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनने का संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों का प्रभावी मंचन किया।

**नशे से दूर रहने की दी सलाह**-कलाकारों ने संदेश दिया कि नशा व्यक्ति, परिवार एवं समाज के विकास में बाधक है तथा इससे दूर रहकर ही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध जीवन का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं बच्चों को नशे की बुराइयों से बचाने तथा अपने गांव और आसपास के क्षेत्र को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सभी उपस्थितजनों को नशा न करने तथा अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

**निरंतर जनजागरूकता है जरूरी**-इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान की सफलता समाज की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर है। जनजागरूकता, सामुदायिक सहभागिता एवं निरंतर प्रयासों के माध्यम से ही नशामुक्त जिला एवं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत करंजिया के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

भूमि पूजन

फग्गन सिंह कुलस्ते ने बालक आश्रम भवन का किया भूमिपूजन

# शिक्षा सामाजिक विकास का सबसे सशक्त माध्यम : सांसद




**डिंडौरी, नवभारत 10 जुलाई।** विकासखंड अमरपुर की ग्राम पंचायत कमको मोहनिया में रघुनाथ शाह-शंकर शाह बालक आश्रम भवन का भूमिपूजन सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष हन्नू सिंह पट्टा, प्रीतम सिंह मरावी, फूल सिंह मरकाम, आकाश नामदेव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार जनजातीय समाज के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा, आवास एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि रघुनाथ शाह-शंकर शाह बालक आश्रम के निर्माण से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे उनकी शिक्षा को नई दिशा मिलेगी।

**विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा**

शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने उद्बोधन में कहा कि आश्रम भवन बनने से दूरस्थ एवं आदिवासी अंचलों के विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में एसडीएम डिंडोरी रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन, जनजाति कार्य विभाग सहायक आयुक्त राजेंद्र कुमार तहसीलदार, पटवारी, पुलिस प्रशासन के अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## बीजाडांडी पुलिस ने छात्रों को बताए साइबर सुरक्षा के उपाय

**बीजाडांडी।** बीजाडांडी थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बीजाडांडी पुलिस द्वारा सेफ क्लिक 2.0 जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस टीम ग्राम कालपी पहुंची, जहां कालपी क्रीड़ा परिसर में छात्रों और विद्यालय के स्टाफ को साइबर ठगी से बचाव के आसान तरीके और सतर्कता बरतने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी शेयर न करने और संदिग्ध कॉल से सावधान रहने की हिदायत दी। अंत में उपस्थित छात्रों और शाला स्टाफ को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और साइबर सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई।





# रसोई केंद्र में स्वच्छता का रखें ध्यान : गुप्ता

अपर कलेक्टर ने किया अंत्योदय रसोई केंद्र का निरीक्षण

**नवभारत उमरिया 10 जुलाई।** अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण प्रमोद कुमार सेन गुप्ता ने नगर पालिका परिषद उमरिया द्वारा बस स्टैंड परिसर में संचालित दीनदयाल अंत्योदय रसोई केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने रसोई केंद्र में तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था, रसोई संचालन, खाद्य सामग्री के रखरखाव तथा रजिस्टर संधारण का बारीकी से अवलोकन किया। अपर कलेक्टर सेन गुप्ता ने रसोई केंद्र में भोजन कर रहे हितग्राहियों से भी चर्चा की और भोजन की गुणवत्ता, स्वाद तथा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

**समय पर भोजन वितरण की व्यवस्था की जाए**

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि रसोई केंद्र में स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता और समय पर भोजन वितरण की व्यवस्था निरंतर बनाए रखें, ताकि जरूरतमंदों को बेहतर सुविधाएं मिलती रहें। निरीक्षण के दौरान सईद मंसूरी, वीरेंद्र एवं निशांत मिश्रा भी उपस्थित रहे।